<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राज्यपाल ने सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित किया</u>

लखनऊः 1 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन सुरक्षा में तैनात निरीक्षक श्रीमती शोभा गुप्ता, आरक्षी वाहन चालक, श्री आशाराम एवं आरक्षी वाहन चालक श्री शब्बीर अहमद को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने सेवानिवृत्त कर्मियों के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने विदाई समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरक्षाकर्मियों का दायित्व वास्तव में कठिन काम है। यह प्रशंसा की बात है कि सेवानिवृत्त होने वाले सुरक्षाकर्मियों ने अपनी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तीन दशक से ज्यादा राजभवन में सेवा की। राजभवन उनके लिए घर जैसा है तथा उसके द्वार सदैव उनके लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद जीवन का एक नया मोड़ शुरू होता है।

मुख्य सुरक्षा अधिकारी, श्री इन्द्रजीत सिंह रावत ने निरीक्षक सुश्री शोभा गुप्ता, आरक्षी वाहन चालक, श्री आशाराम एवं आरक्षी वाहन चालक श्री शब्बीर अहमद की सेवा पर प्रकाश डालते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पित सेवा के तारीफ की। उल्लेखनीय है कि सुश्री शोभा गुप्ता, श्री आशाराम एवं श्री शब्बीर अहमद दिनांक 30 जून को राजभवन से सेवानिवृत्त हुए हैं।